दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, बुधवार 21 जुलाई 2021
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक की चाकू मारकर हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** युवक के गले पर चाकू मारकर हत्या कर देने की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार वीरभद्रनगर कैलाशपुरी चौक रायपुर निवासी सुमित तांडी 24 वर्ष पिता सुंदर तांड़ी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपने अपने चचेरा भाई भोला ताण्डी व रोहित सोना के साथ शराब दुकान में शराब खरीदकर पीने के बाद गोलबाजार गए थे। तभी मिराज दादा बैजनाथपारा रायपुर निवासी से विवाद हो गया। जिसके बाद उसने अपने पास रखा चाकू निकालकर भोला तांडी के गले पर वार कर दिया। जिसके बाद भोला ताण्डी घायल अवस्था में जान बचाने दौड़ता हुआ थाने पहुंच गया। पुलिस उसे अस्पताल ले गई। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। घटना बाजार में लगे सीसी टीवी कैमरा में भी कैद हो गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### गोलीबारी में आईटीबीपी का 1 जवान शहीद 1 घायल

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र के अमदई घाटी के पास विधायक के रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों पर नक्सलियों ने घात लगाकर फायरिंग कर दिया, इस गोलीबारी में आईटीबीपी 45 वीं बटालियन के 02 जवान घायल हो गये हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान घायल आईटीबीपी का एक जवान शिवकुमार मीणा निवासी राजस्थान शहीद हो गये हैं। इस वारदात की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमादई घाटी के पास रोड विधायक चंदन कश्यप के रोड ओपनिंग पार्टी अपना काम कर रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से 02 जवान घायल हो गए, वहीं अन्य साथी जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्यवाही के बाद नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देख मौके से फरार हो गए। मौके पर सुरक्षा बलों की दूसरी टीम भी पहुंच चुकी है।

### सड़क हादसे में दो की मौत, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात वाहन की ठोकर से धनेली नया ओव्हरब्रिज सांकरा धरसींवा के पास एक व्यक्ति की मौत हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। तथा मंदिरहसौद में उमरिया ढाबा के पास एक व्यक्ति की रोड एक्सीडेन्ट में मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सांकरा धरसींवा निवासी उपेन्द्र कुमार 32 वर्ष पिता रमाशंकर ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 19 जुलाई को रात 8 बजे नया ओव्हरब्रिज धनेली सांकरा धरसींवा के पास जितेन्द्र कुमार 37 वर्ष पिता रमाशंकर निवासी सांकरा को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिसके चलते उसे गंभीर चोट लगने पर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया था ,जहां उसकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। इसी तरह मंदिरहसौद थाना पुलिस ने 3 जुलाई 2021 को उमरिया छोटू ढाबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति 40 वर्ष को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट दिया था जिसके चलते उसकी अस्पताल में मौत हो जाने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर मामला दर्ज किया है।

# सभी हाट-बाजार क्लिनिक का संचालन करें प्रारंभ- सिंह

**» कलेक्टर भीम सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़ ।** जिले में चिन्हांकित सभी हाट-बाजार क्लिनिक का संचालन तत्काल प्रारंभ किया जाए। सभी एसडीएम उनके क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले हाट-बाजार क्लिनिक की प्रति सप्ताह जांच कर साप्ताहिक प्रतिवेदन भेजे। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान कही।

कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लगातार मास्क जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शादियों में अनुमति अनुसार लोगों के शामिल होने की जांच करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने उद्योग अधिकारी को जिले के सभी उद्योगों का नियमित निरीक्षण करने और बाहर से आने वाले लोगों को गाइड लाइन अनुसार क्वारेंटीन करने और कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन सभी उद्योगों द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने वैक्सीनेशन की समीक्षा की। उन्होंने उपलब्ध टीके के आधार पर टीकाकरण कार्य पूरी तेजी से करते रहने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सभी गौठानों में चारागाह निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने 31 जुलाई तक सभी चारागाहों में नेपियर घास का रोपण पूरा करने के निर्देश दिए। सभी चारागाहों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ तथा ईई पीएचई को दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सभी गौठानों का निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान में कार्यरत महिला समूहों का भुगतान जून माह तक कर दिया गया है। बैंक स्टेटमेंट के साथ ही समूहों को इसकी जानकारी देने के निर्देश सभी सीईओ जनपद को दिए। उन्होंने गौठानों में निर्माणाधीन मल्टी एक्टिविटी सेंटर का कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गौठान में वर्मी उत्पादन की समीक्षा की। शहरी गौठान के लिये नियुक्त नोडल द्वारा कार्य में लापरवाही करने पर उन्हें शो-काज नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी गौठान के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन को दिए।

कलेक्टर सिंह ने वन अधिकार पट्टा धारियों को स्वीकृत कार्य की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। साथ ही जिन हितग्राहियों के भूमि समतलीकरण या अन्य कोई कार्य स्वीकृत नहीं हुए है, उनकी जानकारी विकासखण्डवार एकत्रित कर प्राथमिकता से कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने राजस्व न्यायालय में 2 साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने किसान किताब समय पर उपलब्ध नहीं करवाने पर खरसिया के नायब तहसीलदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को 2 साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण 31 जुलाई के पूर्व करने के लिये कहा।

# चोरी के आरोप से क्षुब्ध होकर एक ही परिवार के 6 लोगों ने पीया जहर

**» ग्राम जुगदेही का मामला, जिला अस्पताल में इलाज जारी**

**धमतरी (आरएनएस)।** चोरी के आरोप से क्षुब्ध होकर एक ही परिवार के 6 लोगों ने जहर खा लिया है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से परिवार के सभी लोगों को 108 एम्बुलेंस की मदद से गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है। घटना भाखरा थाना के जुगदेही गांव की है। निवासी दिलीप यादव को चोरी के एक मामले में बारबार पूछताछ की जा रही थी।क्षुब्ध होकर अपनी पत्नी कलिंदरी और चार बच्चों के साथ सभी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना के बाद आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर सभी को धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां पर सभी का इलाज जारी है। इस मामले में दिलीप यादव के पुत्र सुनील यादव ने बताया कि गांव के ही पड़ोसी नेमचंद के घर 3 4 पहले चांदी के जेवर और पांच सौ रूपए की चोरी हुई है।जिसका आरोप उनके पिता पर लगाया था। रविवार को पुलिस उनके पिता को पूछताछ के लिए गई थी। सोमवार को सरपंच और कुछ लोग घर आकर आरोप लगाते हुए सामान वापस मांगने लगे थे ।इसी आरोप से तंग आकर परिवार के सभी लोगों ने जहर खा कर जान देने की कोशिश की। इस मामले में भखारा थाना प्रभारी संतोष जैन ने बताया कि पड़ोसी नेमसिंह साहू ने थाने में चोरी की शिकायत की है पुलिस आज पूछताछ के लिए जाने वाली थी।

# नक्सली दहशत के कारण अबूझमाड के 5 ग्राम पंचायत सरपंच विहीन

**» चुनाव के दौरान नक्सलियों ने नामांकन दाखिल करने पर मौत के घाट उतारने का जारी किया था फरमान**

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ओरछा विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों में कस्तूरमेटा कोडोली, आदेर, गोमागाल, रेकवाया और पांगुड में सरपंच का पद रिक्त है। नक्सलियों का ग्रामीणों में ऐसी दहशत है कि यहां कोई पंचायत का प्रतिनिधि या सरपंच बनना नहीं चाहता। अब इन पंचायतों में सरपंच का पद रिक्त होने के कारण शासकीय कार्य सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सरपंच का प्रभार सौंपा गया है। इनके हस्ताक्षर से ही शासकीय कार्यों का निपटारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओरछा विकासखंड की 05 ग्राम पंचायतों में सरपंच का पद खाली पड़ा है। विदित हो कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नक्सलियों ने फरमान जारी किया था कि अगर कोई भी नामांकन दाखिल करता है तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा। इसी वजह से ओरछा ब्लॉक की 36 पंचायतों में से 05 पंचायतों में किसी ने नामांकन नहीं भरा। ओरछा तहसीलदार केतन भोयर का कहना है कि ओरछा ब्लॉक की 05 ग्राम पंचायत में सरपंच का पद रक्त होने के कारण इन पंचायतों में उपनिर्वाचन होना था, लेकिन कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखकर शासन ने उपनिर्वाचन कार्य अभी स्थगित कर दिया है।

# रुपये 10 गुना करने का झांसा देकर 5 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** तंत्र-मंत्र के जरिये रुपये डबल करने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की ठगी करने वाले पति-पत्नी व साले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार चारमिनार मजिस्द भोपाल निवासी राम ठाकुर 30 वर्ष ने राखी रायपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी जियो कंपनी में काम करता है। 1 माह पहले रेखा सिंह ठाकुर भिलाई निवासी ने पीड़ित के मोबाईल पर कॉल करके बोली की तुम्हारा पैसा तंत्र मंत्र से 10 गुना करना है तो रायपुर आ जाओं। प्रार्थी उसकी बातों में आकर अपने दोस्त कामील शंकर के साथ 28 जून 2021 को रायपुर के होटल में आकर रुका शाम 7 बजे रेख सिंह एवं उसके साथी नरेद्र सिंह, नीलेश सोनपीपरे पचपेड़ीनाका स्थित होटल में आये जिसके बाद आरोपियों ने अपनी सैलेरियों कार क्रमांक सीजी 07 बीएफ 1114 में लेकर नया रायपुर एचपी पेट्रोलपंप के आसपास के ईलाका में लाकर रकम को 10 गुना करने का डेमो दिखाया। प्रार्थी से 1000 रुपये लेकर कुछ तंत्र-मंत्र करके मटके से 15 हजार रुपये निकाला। जिसमें से 5000 रुपये पीड़ित को दिए तथा बाकी 10 हजार रुपये अपने पास रखा। जिसके बाद पीड़ित अपने दोस्त के साथ भोपाल लौट गया। 2-3 दिन के बाद फिर से रेखा सिंह फोन करके बोली की 25 लाख रुपये लेकर आओ उसको 10 गुना करवा दूंगी। जिसके बाद पीड़ित अपने दोस्तों से 5 लाख रुपये उधार लेकर अपने दोस्त के साथ 14 जुलाई को रायपुर पहुंचा। इस बार उसके साथ उसका दोस्त जितेन्द्र मेवाड़ साथ आकर एक होटल में ठहरा था। जिसके बाद रेखा सिंह एवं अन्य तीन लोग कार से नया रायपुर फिर से उसी स्थान पर ले गए। आरोपियों के साथ इस बार एक पुजारी भी था। 5 लाख रुपये लेने के बाद रुपये मटके के अंदर रखकर गंगा जल है कहकर पीने के लिए दिए। जिसके बाद उन्हें कुछ समझ नही आया। उसी समय रेखा सिंह ने तबियत खराब होने का बहाना किया एवं अपने साथी नरेन्द्र व नीलेख सोनपिपरे के साथ मटका मटका साथ लेकर प्रार्थी एवं उसके दोस्त को होटल छोड़ दिया एवं मटका को 2 से 3 दिन के बाद खोलने को बोला। 15 जुलाई को पीड़ित ने मटका खोला तब उसमें घास-फूस जड़ी बूटी जैसा कुछ समान था। ठगे जाने का एहसास होने पर रेखा सिंह एवं उसके पति नरेन्द्र सिंह एवं उसके भाई लोगों को बार -बार फोन करने के बाद 18 जुलाई को सुबह 10 बजे होटल पहुंचे लेकिन पैसा देने से इंकार कर दिया।

# छात्रों की 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ दो अगस्त से शुरू होंगी 10 एवं 12वीं की कक्षाएं

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में जहां मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा पेश किये जाने वाले अनुपूरक बजट का अनुमोदन किया गया, वहीं कोविड-19 संक्रमण कम होने से 10वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए क्लास 2 अगस्त से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी जनसंपर्क संचालनालय से जारी की गई। जिसके अनुसार बैठक में प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष 2021-2022 का विधान सभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2021 का अनुमोदन किया गया, वहीं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित 58 कॉलोनियों को संबंधित क्षेत्रों के नगरीय निकायों को तथा रायपुर विकास प्राधिकरण अंतर्गत कमल विहार योजना के पूर्ण हो चुके सेक्टर, इंद्रप्रस्थ योजना के फेस-1 और फेस-2, डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र को रायपुर नगर निगम को हस्तांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के स्व-वित्तीय आवासीय/ व्यावसायिक सम्पत्तियों को विक्रय योजना के तहत लागत मूल्य पर विक्रय करने एवं विशेष भाड़ा क्रय योजना तथा लागू करने का अनुमोदन किया गया। विशेष भाड़ा क्रय योजना एवं सामान्य भाड़ा क्रय योजना में सभी को अंतिम किश्तों के भुगतान के समय कुल देय ब्याज राशि में 15 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया। हाउसिंग बोर्ड की 14 चिन्हित कॉलोनियों एवं 7 व्यावसायिक परिसर को लागत मूल्य पर विक्रय का निर्णय लिया गया। इससे मकानों की कीमत औसत रूप से 16.5 प्रतिशत कम होगी। मंत्रिमंडल ने नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए नवा रायपुर में 20 एकड़ भूमि स्कूल शिक्षा विभाग को निःशुल्क आबंटित किए जाने का निर्णय लिया गया। इस विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान के निर्माण के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 15 करोड़, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा 10 करोड़ और व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 25 करोड़ रूपए इस प्रकार कुल 50 करोड़ रूपए की राशि दी जाएगी।

मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा स्वयं अथवा पब्लिक प्राईवेट पार्टनशिप के माध्यम से निर्मित आयुर्वेदिक दवाओं, हर्बल उत्पादों एवं लघु वनोपज से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के क्रय के संबंध में छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 यथा संशोधित 2020) के नियम 8 में संशोधन का निर्णय लिया गया। जिसके तहत राज्य शासन के समस्त विभाग, उपक्रम एवं शासनाधीन संस्थाओं द्वारा अपने आवश्यकता के अनुसार तथा उपलब्ध बजट के अंतर्गत आयुर्वेदिक दवाओं हर्बल उत्पादों एवं लघु वनोपज से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के माध्यम से सीधे क्रय कर सकेंगे।

# अपहृत ग्रामीण की नक्सलियों ने गला रेतकर की हत्या

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के ग्राम पदेड़ा साप्ताहिक बाजार से नक्सलियों द्वारा अपहरण कर ले गये ग्रामीण राजू वेन्जामी की हत्या 19 जुलाई की रात में करने के बाद शव को सड़क पर फेंक दिया। मृतक राजू वेन्जामी 09 वर्ष तक नक्सली संगठन में रहने के बाद गांव में खेती किसानी कर सामान्य जिंदगी जी रहा था। बड़ी संख्या में स्थानिय नक्सली संगठन छोड़ कर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जिससे नक्सली कायराना करतूत को अंजाम देते हुए मुख्यधारा से जुड़ रहे नक्सलियों की हत्या कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राजू वेन्जाम निवासी गंगालूर 18 जुलाई को ग्राम पदेड़ा साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोग की सामग्री लेने पहुंचा था। इसी दौरान ग्रामीण वेशभूषा में वहां मौजूद नक्सलियों ने उसका अपहरण कर लिया था। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया था। जिसके बाद 19 जुलाई की रात नक्सलियों ने उसकी गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। नक्सली हत्या की सूचना मिलते ही जवान घटना स्थल पंहुचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है।

# दुर्ग जिला हुआ टोटल अनलॉक, अब अपने समय के हिसाब से दुकानें बंद कर सकेंगे व्यापारी, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**दुर्ग (आरएनएस)।** प्रदेश में कोरोना के संक्रमण कम होने के बाद कई जिलों को टोटल अनलॉक कर दिया गया है। इसी बीच खबर आ रही है कि दुर्ग में भी अब टोटल अनलॉक कर दिया गया है। दुर्ग कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे सुबह-सुबह आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अब जिला पूरी तरह अनलॉक हो चुका है। बता दें कि इससे पहले रात 8 बजे तक दुकानें खुले रहने की आदेश जारी किया गया था।

वहीं आदेश के अनुसार, वैवाहिक कार्यक्रम, होटल / रेस्टोरेंट में हाउस डायनिंग एवं होम डिलीवरी, रेस्टोरेंट-बार क्लब, राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित सेवाएँ तथा थोक माल / वेयरहाउस / कार्गो / फल / सब्जी की लोडिंग / अन-लोडिंग अपने सामान्य समय पर की जावेगी।

प्रतिबंधित गतिविधियों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की स्थायी एवं अस्थायी दुकानें, शॉपिंग मॉल, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सुपर मार्केट / सुपर बाजार, फल एवं सब्जी मंडी / बाजार, अनाज मंडी, शो-रुम, मदिरा दुकान, ठेला, चौपाटी, सैलून, ब्यूटी पार्लर, स्पा, पार्क, जिम व ग्रंथालय इत्यादि रविवार सहित सभी दिवस में उनके प्रचलित समय पर खोले जा सकेगें किन्तु सभी ग्रंथालय का संचालन उनकी बैठक क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा के साथ तथा कोविड-19 टीके के दोनो डोज ले चुके सदस्यों को प्राथमिकता देते हुये पहले आओ, पहले पाओ के नियम अनुसार किया जा सकेगा।

सभी वाटर पार्क, थीम पार्क, सिनेमा हॉल / थियेटर, स्विमिंग पूल तथा सामूहिक स्थल इत्यादि आम जनता हेतु उनके प्रचलित समय पर खोले जा सकेगें किन्तु सिनेमा हॉल / थियेटर का संचालन उनकी कुल क्षमता के 50 प्रतिशत व्यक्तियों के लिए ही किया जा सकेगा। संबंधित व्यवसायिक प्रतिष्ठान तथा नगरीय निकाय / विभाग इसके लिए उत्तरदायी होगें। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी गाईडलाईन का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा। उपरोक्त कंडिकाओं को संशोधित पढ़ा जाए। यह आदेश तत्काल प्रभावशील।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**
**आवश्यकता**
**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
**अन्य बिन्दु**
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# ऑक्सीजन प्लांट का कार्य तेजी से करें पूरा-कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कालेज और एमसीएच में ऑक्सीजन प्लांट के विस्तार कार्यों का लिया जायजा**



**रायगढ़ ।** कोविड की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। कोविड अस्पतालों में उपकरणों व संसाधनों की व्यवस्था के साथ मौजूद ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज कलेक्टर सिंह द्वारा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल व एमसीएच अस्पताल में लगाये जा रहे ऑक्सीजन प्लांट के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कालेज अस्पताल में लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के लिये चयनित जगह का निरीक्षण के साथ ही अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। निर्माण एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि फाउण्डेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके पश्चात आगे प्लांट इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने एमसीएच में लगाए जाने वाले ऑक्सीजन प्लांट के कार्यों का निरीक्षण किया। यहां कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुये काम में तेजी लाने तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश ईई पीडब्ल्यूडी को दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कालेज अस्पताल में 12 हजार लीटर का एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाया जा रहा है। इसके साथ ही यहां इतनी ही क्षमता का एक दूसरा लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाने की योजना है। वहीं एमसीएच अस्पताल में एक हजार एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट लगाया जा रहा है जिससे इन अस्पतालों में उपलब्ध सभी बिस्तरों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा, मेडिकल कालेज के अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज, डॉ.लकड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, सीजीएमएससी के अधिकारी उपस्थित रहे।